# लगातार छह हार के बाद आरसीबी को मिली दूसरी जीत

## हैदराबाद को उसी के घर मे 35 रनों से हराया, कोहली-पाटीदार की फिफ्टी कर्ण-स्वप्निल और ग्रीन को 2-2 विकेट मिले

**हैदराबाद**, 25 अप्रेल।रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने -2024 में दूसरा मैच जीता है। टीम ने सीजन के 41वें मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद को 35 रन से हराया। बेंगलुरु सीजन में लगातार 6 मैच हारने के बाद जीती है, जबकि हैदराबाद ने लगातार 4 जीत के बाद कोई मुकाबला गंवाया है।

हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में बेंगलुरु ने टॉस जीतकर बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 206 रन बनाए। जवाब में हैदराबाद की टीम 20 ओवर में 8 विकेट पर 171 रन ही बना सकी।

से विराट कोहली (51 रन) और रजत पाटीदार (50 रन) ने फिफ्टी जमाई। कैमरन ग्रीन ने 20 बॉल पर नाबाद 37 रन बनाया, जबकि कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने 25 रन का योगदान दिया। जयदेव उनादकट ने 3 विकेट चटकाए। कप्तान पैट कमिंस, टी नटराजन और



मयंक मारकंडे को एक-एक विकेट मिला। से शाहबाज अहमद ने 40 रन की नाबाद पारी खेली। कप्तान पैट कमिंस और अभिषेक शर्मा ने एक समान 31-31 रन बनाए। डेब्यू कर रहे स्वप्निल सिंह, कर्ण शर्मा और कैमरन ग्रीन को 2-2 विकेट मिले।आज यहां राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु कप्तान फाफ डुप्लेसी ने टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। विराट कोहली और फाफ डुप्लेसी की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 48 रन जोड़े। चौथे ओवर में थंगारसु नटराजन ने डुप्लेसी को आउट कर हैदराबाद को पहली सफलता दिलाई। डुप्लेसी ने 12 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए 25 रनों की पारी खेली। सातवें ओवर में मयंक मार्कंडेय ने विल जैक्स (6) पर बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। विराट और रजत पाटीदार ने तीसरे विकेट लिये बड़ी साझेदारी करने का प्रयास किया।

## दिल्ली में 500 युवा क्रिकेटरों को किट बांटी

नयी दिल्ली, 25 अप्रेल। आपूर्ति श्रृंखला समाधान प्रदाता कंपनी डीपी वर्ल्ड ने 'बियोन्ड बाउंड्रीज' पहल के तहत दिल्ली के एकेडमियों से जुड़े 500 युवा क्रिकेटरों को क्रिकेट किट वितरित कर रही है। कंपनी ने यहां कहा कि यह पहल क्रिकेट के विकास को समर्थन करने की कंपनी की एक वैश्विक मिशन का हिस्सा है, जिसकी आपूर्ति विशेष उद्देश्य से तैयार 50 पुनर्निर्मित शिपिंग कंटेनरों के माध्यम से की जा रही है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि जमीनी स्तर के क्रिकेट क्लबों के पास खेल खेलने के लिए आवश्यक किट, उपकरण और सुविधाएं उपलब्ध हों। दो कंटेनरों से दिल्ली क्षेत्र में बाल भारती और बाल भवन सहित अन्य एकेडमी के 500 युवा खिलाड़ियों को लाभ होगा। दोनों कंटेनरों को बाहर से अनूठी कलाकृति से सजाया गया है जो क्रिकेट की भावना और दिल्ली शहर के साथ इसके संबंधों को दर्शाते हैं और ये कंटेनर लाभार्थियों के लिए चेंजिंग रूम और विश्राम पवेलियन्स के रूप में भी काम करेंगे।

बियॉन्ड बाउंड्रीज पहल के लॉन्च मौके पर दिल्ली कैपिटल्स टीम के प्रमुख कोच रिकी पोंटिंग और क्रिकेट निदेशक सौरव गांगुली के अलावा टीम के प्रमुख खिलाड़ियों डेविड वार्नर, एनरिक नॉर्टजे, यश ढुल और पूनम यादव ने शिरकत की। इसके साथ ही डीपी वर्ल्ड के अधेंद्रु जैन और दिल्ली कैपिटल्स की पुरुष और महिला टीमों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे, जिन्होंने एकेडमियों से बात की और 7 अकादमियों के युवा लाभार्थियों को क्रिकेट किट वितरित करने में मदद की। डीपी वर्ल्ड दिल्ली कैपिटल्स फ्रेंचाइजी की पुरुष और महिला दोनों टीमों का ग्लोबल लॉजिस्टिक्स पार्टनर है। आज के लॉन्च के साथ ही निर्धारित पचास कंटेनरों में से सात का वैश्विक स्तर पर अनावरण किया जा चुका है। दिल्ली में यह लॉन्च 2023 आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के बाद भारत में बियॉन्ड बाउंड्रीज पहल की वापसी का भी प्रतीक है। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) के पार्टनर के रूप में डीपी वर्ल्ड ने विश्व कप मैच में बनाए गए प्रत्येक 100 रन के लिए 10 किट दान करने का वादा किया था।


**नाम परिवर्तन**
पूर्व में मेरा नाम हेमेंद्र कुमार था जिसे बदलकर हेमेंद्र कुमार गहलोत रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावे
पता:-1-S-1 तलवंडी कोटा

**पश्चिम मध्य रेल**
पार्सल स्पेस की लीज़ के लिए ई-नीलामी
वरि. मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, कोटा मंडल, पश्चिम मध्य रेल ने कोटा मंडल कि विभिन्न गाड़ियों में पार्सल स्पेस की लीज़ के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की है। केटलॉग को IREPS वेबसाइट (ई-ऑक्शन) पर प्रकाशित किया गया है जिसका विवरण निम्न प्रकार से है: केटलॉग सं.: Lease-KTT-29. अनुबंध का प्रकार: Leasing of SLR. अनुबंध की अवधि: 2 वर्ष। ई-नीलामी की तिथि और समय: 09.05.2024 को 12.00 बजे। केटलॉग की विस्तृत जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**सार्वजनिक सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूखंड संख्या 189 समृद्धि रॉयल ग्राम बोरखेड़ा कोटा पर निर्माण हेतु ऋण चाहने बाबत गजेन्द्र कुमार कटारिया पुत्र बजरंगलाल ने एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया है। उन्होंने जाहिर किया है कि उक्त भूखंड खसरा संख्या 354, 355, 360 ग्राम बोरखेड़ा का हिस्सा है। जिसे मूल खातेदार श्योनारायण, राधेश्याम, हरिओम व सोसर बाई ने हनुमान प्रसाद को, हनुमान प्रसाद ने उक्त भूखंड को बेचने का इकरार गजेन्द्र कुमार के साथ किया था। नगर विकास न्यास कोटा द्वारा राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए उक्त भूखंड का पट्टा विलेख गजेन्द्र कुमार कटारिया के पक्ष में जारी किया गया। अतएव इस सूचना के द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि किसी भी व्यक्ति/संस्था/कम्पनी को एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड द्वारा भूखंड संख्या 189 समृद्धि रॉयल ग्राम बोरखेड़ा कोटा पर गजेन्द्र कुमार कटारिया को ऋण दिए जाने में कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 7 योम की अवधि में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद गुजरने मियाद सूचना कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो।
दिनांक : 24.04.2024
संदीप जैन एडवोकेट
583-ए तलवण्डी, कोटा
मो. 9829180432


## मिचेल स्टार्क चयन के लिए उपलब्ध है : रमनदीप सिंह



कोलकाता, 25 अप्रेल। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के हरफनमौला खिलाड़ी रमनदीप सिंह ने मिचेल स्टार्क की चोट की चिंता को खारिज करते हुए कहा कि वह चयन के लिए उपलब्ध हैं। इस स्टार तेज गेंदबाज ने पंजाब किंग्स के खिलाफ आईपीएल मुकाबले से पहले थोड़ी ट्रेनिंग भी की। स्टार्क आठ साल बाद लीग में उस तरह की वापसी नहीं कर पाये हैं जिसकी उन्हें उम्मीद थी क्योंकि उन्होंने इस सत्र में बहुत रन लुटाये हैं और केवल छह विकेट ही ले पाये हैं।

कथित तौर पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मैच के दौरान उनके गेंदबाजी करने वाले हाथ की ऊंगली में चोट लग गई थी। स्टार्क ने दो अभ्यास सत्रों में नेट पर गेंदबाजी नहीं की जिससे अटकलें तेज हो गयीं कि इस आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी को आराम दिया जा सकता है। लेकिन रमनदीप ने कहा कि स्टार्क चयन के लिए उपलब्ध हैं। रमनदीप ने कहा, "हां, वह उपलब्ध हैं। इसका संबंध उनके कार्यभार प्रबंधन से है।

## भारत के घरेलू क्रिकेटर्स की बढ़ेगी सैलरी

नई दिल्ली, 25 अप्रेल। बीसीसीआई अब घरेलू क्रिकेटर्स पर भी पैसों की बारिश कर सकती है। दरअसल, बोर्ड जल्द ही घरेलू क्रिकेट खेलने वाले खिलाड़ियों की सैलरी बढ़ा सकती है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, बीसीसीआई ने अजीत अगरकर की अगुवाई वाली सेलेक्शन कमेटी से इसका प्लान तैयार करने को कहा है। ये फैसला ऐसे वक्त में लिया गया है जब हाल ही में बोर्ड ने टेस्ट क्रिकेट खेलने वाले खिलाड़ियों को फायदा पहुंचाने के इरादे से इंसेंटिव स्कीन शुरू की है। बता दें कि, बीसीसीआई का मानना है कि जो खिलाड़ी आईपीएल में नहीं खेलते हैं उन्हें इसका फायदा मिल सकता है। बीसीसीआई के नए प्लान के मुताबिक घरेलू क्रिकेट खेलने वाले खिलाड़ियों को रणजी ट्रॉफी मुकाबलों की संख्या के आधार पर सालाना 1 करोड़ रुपये मिलने की उम्मीद है। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार, बीसीसीआई रणजी ट्रॉफी के 10 मैच खेलने वाले खिलाड़ियों को 75 लाख से 1 करोड़ रुपये तक सालान सैलरी दे सकती है। मौजूदा वक्त में घरेलू क्रिकेट में अनुभव के आधार पर सैलरी मिलती है।

## अंडर-22 और युवा चैंपियनशिप में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगी मुक्केबाज प्रीति



नई दिल्ली, 25 अप्रेल। 20 वर्षीय मुक्केबाज प्रीति के साथ अंडर-22 प्रतियोगिता में पूर्व युवा विश्व चैंपियन और 2022 एशियाई एलीट मुक्केबाजी चैंपियनशिप की स्वर्ण विजेता अलफिया पठान (81 किग्रा) भी हिस्सा लेंगी।

पेरिस ओलंपिक जाने वाली टीम की सदस्य मुक्केबाज प्रीति पवार 27 अप्रैल से कजाखस्तान के अस्ताना में होने वाली एएसबीसी एशियाई अंडर-22 और युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप में 50 सदस्यीय भारतीय टीम की अगुवाई करेंगी। एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता प्रीति ने 54 किग्रा वजन वर्ग में पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल किया था।

20 वर्षीय मुक्केबाज प्रीति के साथ अंडर-22 प्रतियोगिता में पूर्व युवा विश्व चैंपियन और 2022 एशियाई एलीट मुक्केबाजी चैंपियनशिप की स्वर्ण विजेता अलफिया पठान (81 किठाा) भी हिस्सा लेंगी। अंडर-22 और युवा प्रतियोगिता में पुरुष और महिला वर्ग में 25-25 भारतीय मुक्केबाज हिस्सा लेंगे। युवा महिला वर्ग में मौजूदा जूनियर विश्व चैंपियन निशा (52 किग्रा) और आकांक्षा (70 किग्रा) देश की चुनौती की अगुवाई करेंगी।

## चैंपियंस ट्रॉफी खेलने पाक नहीं जाएगी भारतीय टीम

नई दिल्ली, 25 अप्रेल। चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन पाकिस्तान में 2025 में होना है। लेकिन उससे पहले इस पर पेंच फंसता नजर आ रहा है। दरअल, भारतीय टीम इस टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान का दौरा करेगी या नहीं इस पर कोई आधिकारिक रिपोर्ट नहीं आई है। इस बीच एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि टीम इंडिया वहां खेलने नहीं जाएगी। भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान खेलने नहीं जाती है तो क्या होगा? इस पर पीसीबी ने बयान दिया है। दरअसल, पीसीबी के एक सूत्र का कहना है कि, अगर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड आधिकारिक तौर पर आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी खेलने के लिए अपनी टीम को पाकिस्तान भेजने से इनकार करता है तो पीसीबी विकल्पों पर विचार करेगा। हाल ही में एक रिपोर्ट में कहा गया था कि भारत अगले साल पड़ोसी देश में होने वाले टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान नहीं जाएगा।


**पश्चिम मध्य रेल**
यांत्रिक विभाग, कोटा मंडल
निविदा सूचना
दिनांक 24.04.2024
मंडल रेल प्रबंधक (यांत्रिक), पश्चिम मध्य रेल, कोटा द्वारा टर्न की के आधार पर निम्नलिखित कार्य के लिये निर्धारित प्रपत्र पर खुली निविदा (सिंगल पैकेट सिस्टम में) भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से पर्याप्त अनुभवी एवं वित्तीय क्षमता रखने वाली प्रतिष्ठित फर्म/कम्पनी से IREPS पोर्टल पर आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 13.05.2024 को 15.00 बजे बंद की जायेगी तथा उसी तिथि को 15.30 बजे पर खोली जायेगी। टेंडर नं.: वरि.म.याँ.अभि/प.म.रे/कोटा/25-2023-24. कार्य का विवरण: कोटा-आईओएच डिपो/कोटा से सीआरडब्ल्यूएस/भोपाल और भारतीय रेलवे के किसी भी डिपो/वर्कशॉप के बीच दो वर्षों के लिये रेलवे ट्रालियों/व्हील सेटों के परिवहन (Transportation) का कार्य। अनुमानित लागत: ₹ 1,97,24,088.38. बयाना राशि: ₹ 2,48,600/-. कम्प्लीशन पीरियड: 24 months. निविदा खुलने की दिनांक: 13.05.2024 at 15.30 Hrs. रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर डाली गई ई-निविदा सूचना में सम्पूर्ण विवरण उपलब्ध है। सम्पूर्ण निविदा प्रपत्र उपरोक्त वेबसाईट से उतारा जा सकता है।
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर


## कार्यकाल नहीं बढ़ाने पर जवाब मांगा

**जयपुर**, (का.सं.)। हाईकोर्ट ने टोंक और सवाई माधोपुर के किशोर न्याय बोर्ड के सदस्यों का कार्यकाल नहीं बढ़ाने पर राज्य सरकार से जवाब मांगा है। जस्टिस महेंद्र कुमार गोयल की एकलपीठ ने यह आदेश कविता सिंघल व अन्य की याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए।याचिका में अधिवक्ता लक्ष्मीकांत शर्मा ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ताओं की नियुक्ति 22 अप्रेल, 2021 को तीन साल के लिए की गई थी। यह अवधि गत 22 अप्रेल को पूरी हो चुकी है।

## रिटायर आर.ए.एस. निष्काम दिवाकर व ओंकारमल दो सप्ताह में जवाब दें : सुप्रीम कोर्ट

**जयपुर**, (का.सं.)। सुप्रीम कोर्ट ने एकल पट्टा मामले में राजस्थान हाईकोर्ट के 17 जनवरी 2023 के फैसले को चुनौती देने वाली एसएलपी में रिटायर आरएएस निष्काम दिवाकर व ओंकारमल सैनी को जवाब के लिए दो सप्ताह का समय दिया है। साथ ही प्रार्थी को कहा है कि यदि उसे कोई रिजोइंडर देना है तो वह भी दे दें। सुप्रीम कोर्ट ने यह निर्देश अशोक पाठक की एसएलपी पर दिया। सुनवाई के दौरान दिवाकर व सैनी की ओर से जवाब के लिए समय मांगा गया। जिस पर अदालत ने उन्हें दो सप्ताह का समय दिया।

अदालत ने पिछली सुनवाई पर इस याचिका को राज्य के यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल के खिलाफ दायर एसएलपी के साथ संलग्न करने का निर्देश दिया था। दरअसल अशोक पाठक ने एसएलपी में हाईकोर्ट के 17 जनवरी 2023 के उस फैसले को चुनौती दी है जिसमें हाइकोर्ट ने राज्य सरकार के पूर्व आईएएस जीएस संधू सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ केस वापस लेने की कार्रवाई को सही माना था। मामले से जुड़े अधिवक्ता संदेश खंडेलवाल ने बताया कि एकल पट्टा मामले में पूर्व यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल के खिलाफ भी एसएलपी पेंडिंग चल रही है। इस एसएलपी में राजस्थान हाईकोर्ट के 15 नवंबर 2022 के उस आदेश को चुनौती दी थी।

## नेक्सा एवरग्रीन मामले में आरोपियों की जमानत याचिका खारिज

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने गुजरात की धोलेरा सिटी में निवेश के बदले मोटा मुनाफा देने का झांसा देकर कई हजार करोड़ रुपए की ठगी करने वाले आरोपी रणवीर सिंह और सुभाष चन्द्र बिजरानिया को जमानत देने से इनकार कर दिया है। जस्टिस प्रवीर भटनागर ने यह आदेश दोनों आरोपियों की जमानत याचिका को खारिज करते हुए दिए। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि याचिकाकर्ता आरोपी यह कहकर फायदा नहीं उठा सकते कि उनका कुछ लोगों से राजीनामा हो गया है। रिकॉर्ड से साबित है कि याचिकाकर्ताओं ने कई लोगों से चिट फंड कंपनी के जरिए रुपए ठगे हैं। ऐसे में आरोप पत्र में लगाए आरोपों को देखते हुए उन्हें जमानत का लाभ नहीं दिया जा सकता। जमानत अर्जी में कहा गया कि प्रकरण में उनके खिलाफ सीकर के उद्योग नगर थाने में धोखाधड़ी की एफआईआर दर्ज हुई थी। जिसमें बाद में प्राइज चिट्स एंड मनी सर्कुलेशन स्कीम प्रतिबंध अधिनियम और अनियमित जमा योजना अधिनियम के तहत भी धाराएं जोड़ी गई। याचिका में कहा गया कि उन्हें प्रकरण में फंसाया गया है।

# ऑर्गन ट्रांसप्लांट की राज्य स्तरीय कमेटी की बैठक में तीन मामलों की एन.ओ.सी.जारी की

## एक मामला मणिपाल हॉस्पिटल का होने के कारण उसे एन.ओ.सी. जारी नहीं की जा सकी

- **फर्जी एनओसी मामले में जांच के लिए एसआईटी के गठन को लेकर चिकित्सा विभाग ने विधिक सलाह ली**
- **प्रदेश में एक से अधिक प्राधिकृत अधिकारी बनाने पर भी विचार किया जा रहा ताकि जांच के दायरे को बढ़ाया जा सकें।**
- **गुरूग्राम से प्रोडेक्शन वारंट पर गिरफ्तार चारों आरोपियों से अन्य दलालों के बारे में पूछताछ की गई**

**जयपुर**। मानव अंग प्रत्यारोपण के लिए फर्जी एनओसी के मामले में जांच के लिए एसआईटी के गठन को लेकर चिकित्सा विभाग ने विधिक सलाह ली है। सूत्रों के अनुसार बताया जा रहा है कुछ विधिक अड़चने आने के कारण मामले में एसआईटी के गठन बजाए अन्य विकल्प देखने होंगे। विधिक राय में सुप्रीम कोर्ट के पुराने फैसलों का जिक्र किया गया है। वहीं राजस्थान में एक से अधिक प्राधिकृत अधिकारी बनाने पर भी विचार किया जा रहा ताकि जांच के दायरे को बढ़ाया जा सकें। उधर आज जयपुर में हुई ऑर्गन ट्रांसप्लांट की राज्य स्तरीय कमेटी की बैठक में तीन मामलों को एनओसी जारी की गई।

उधर गुरूवार एसएमएस अस्पताल के कॉन्फ्रेंस हॉल में ऑर्गन ट्रांसप्लांट की राज्य स्तरीय कमेटी की बैठक हुई। बैठक में कमेटी के अध्यक्ष एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्रिंसीपल डॉ. राजीव बगरहट्टा, अस्पताल अधीक्षक डॉ. अचल शर्मा सहित कमेटी के अन्य सभी सदस्य मौजूद रहे। बैठक में ऑर्गन ट्रांसप्लांट की एनओसी के लिए आए पांच मामलों पर विचार विर्मश किया गया। इनमें से तीन को अप्रूवल दे दी गई। वहीं दो मामलों को विचारधीन रखा गया। इनमें एक मामला मणिपाल हॉस्पिटल का था। बुधवार को अस्पताल को लाइसेंस सस्पेंड होने के कारण संबंधि मरीज के परिजनों को ट्रांसप्लांट के लिए किसी दूसरे अस्पताल से संपर्क करने की सलाह दी गई। वहीं दूसरे मामले में मरीज के दस्तावेज पूरे नहीं होने पर पूरी कागजी कार्रवाई कर अगली बैठक में बुलाया गया है।

वहीं दूसरी ओर मामले की जांच कर रही जयपुर पुलिस गुरूग्राम से गिरफ्तार कर प्रोडेक्शन वारंट पर लिए चारों आरोपी नुरुल इस्लाम, मेहंदी हसन, मोहम्मद अहसानुल और मोहम्मद आज़ाद हुसैन से पूछताछ करने में जुटी है। पुलिस ने मामले में लिप्त अन्य दलालों और जयपुर के अस्पतालों की भूमिका के बारे में पूछताछ की। पुलिस की ओर से अब शुक्रवार को इन आरोपियों को फिर से कोर्ट में पेश किया जाएगा। इन आरोपियों ने हरियाणा पुलिस को जांच में बताया कि इस गिरोह में रांची निवासी मुर्तजा अंसारी सहित कई दलाल शामिल है। जिन्होंने इन्हें अंग बेचने का लालच दिया। जिसके बाद इन्हें पासपोर्ट बनाकर कोलकात्ता, गुरुग्राम या अन्य शहरों में लाया गया और जयपुर के अस्पतालों में इनके अंग निकाले गए। वहीं पुलिस इस गिरोह में शामिल फरार दलालों की भी तलाश कर रही है। इससे पहले चिकित्सा विभाग ने बुधवार को जयपुर के माणिपाल हॉस्पिटल पर कार्रवाई करते हुए उसका रजिस्ट्रेशन निलम्बित कर दिया है।फोर्टिस और ईएचसीसी अस्पताल के बाद मणिपाल तीसरा हॉस्पिटल है जिसके खिलाफ कार्रवाई की गई है।

### अंग प्रत्यारोपण प्रकरण की जांच केंद्रीय एजेंसी से करवाया जाना जरूरी : सराफ

**जयपुर**। पूर्व चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री तथा मालवीय नगर से विधायक कालीचरण सराफ ने मुख्यमंत्री को पत्र भेज कर अंग प्रत्यारोपण में फर्जी एनओसी प्रकरण की एन आई ए से जांच करवाने की मांग की है। सराफ ने अपने पत्र में लिखा है कि फर्जी एनओसी प्रकरण में देश के कई राज्यों में विदेशी दलालों का गिरोह सक्रिय है जिससे राज्य में पकड़े गए लोग भी जुड़े हुए हैं। राज्य की पुलिस व एसीबी केवल छोटी मछलियों को पकड़ सकी है तथा मामला उजागर होने के पश्चात उक्त एजेंसियां केवल रिकॉर्ड खंगाल रही है। सराफ ने पत्र में यह भी लिखा है की राज्य स्तरीय कमेटी की बैठक विगत 3 साल से नहीं हुई है किंतु एसएमएस अस्पताल सहित निजी अस्पतालों में किडनी ट्रांसप्लांट होते रहे हैं यह जानकारी राज्य स्तरीय समिति के जिम्मेदार अधिकारियों को भी थी इससे साबित होता है कि उक्त कार्य इनकी मिलीभगत के बिना यह कार्य नहीं हो सकता है।

## 8 देशों में भगवान परशुराम जन्मोत्सव मनायेगा

**जयपुर** (का.सं.)। सर्व ब्राह्मण महासभा एवं अन्य सहयोगी ब्राह्मण संगठनों की ओर से प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान परशुराम जन्मोत्सव समारोह 1 मई से 15 मई तक आयोजित किया जायेगा। 15 दिवस तक चलने वाले कार्यक्रम में विभिन्न दिवसों पर भगवान परशुराम जन्मोत्सव समारोह के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. सुरेश मिश्रा ने बताया है कि इस बार ना केवल राजस्थान और देश में वरन विश्व के 8 प्रमुख देशों में भगवान परशुराम जन्मोत्सव का आयोजन होगा। ऐसा पहली बार होगा की विदेशो की धरती पर भगवान परशुराम जी की जय जयकार होगी और विभिन्न आयोजन होगें। जिसमें प्रमुख रूप से आस्ट्रेलिया-न्यूजीलैंड, लंदन, कनाडा, इटली, अमेरिका, बैंकांग, दुबई, कतर में परशुराम जन्मोत्सव 10 मई अक्षय तृतीया को धूमधाम से आयोजित किया जायेगा और देश की सभी राजधानियों में शस्त्र पूजन के आयोजन किये जायेंगे। साथ ही राजस्थान प्रदेश में सभी जिला मुख्यालयों और तहसील, गांव ढाणी स्तर तक भगवान परशुराम जन्मोत्सव के तहत विभिन्न आयोजन किये जायेंगे। भगवान परशुराम जन्मोत्सव समारोह का विधिवत शुभारंभ 1 मई को प्रात: 9 बजे मोती डूंगरी स्थित गणेश मंदिर में गणेश निमंत्रण के साथ होगा। इस अवसर पर जयपुर के प्रमुख संत, महंतों की उपस्थिति में एक स्टीकर का विमोचन भी किया जायेगा। 6 मई को ताड़केश्वर महादेव मंदिर चौड़ा रास्ता में 5100 दीपों से महाआरती का आयोजन होगा। 8 मई को "भगवान परशुराम जी का व्यक्तित्व एवं कृतित्व" विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया जायेगा। जिसमें विद्वान परशुराम जी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालेंगें। 9 मई को परशुराम जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर रेलवे स्टेशन स्थित भगवान परशुराम सर्किल पर नन्हे-मुन्ने बच्चे दीप प्रज्जवलन करेंगें। 10 मई को मुख्य समारोह में भगवान परशुराम जी की मूर्ति की प्रतिष्ठा होगी साथ ही पूरे प्रदेश में परशुराम जन्मोत्सव की शोभायात्रा का आयोजन होगा। मिश्रा ने बताया कि 10 मई को भगवान परशुराम जी का श्रृंगार पूजा अर्चना एवं महाआरती भी की जायेगी।


**न्यायालय जिला न्यायाधीश कोटा**
CM 47/2024
सोनिया बाटवानी पत्नी स्व. श्री राजकुमार आयु 50 वर्ष निवासी-5-बी-11 विज्ञान नगर कोटा (राज.) ..प्रार्थीया
बनाम
1. कृतिका बाटवानी पुत्री स्व. श्री राजकुमार आयु 28 वर्ष निवासी-5-बी-11 विज्ञान नगर कोटा (राज.), 2. भारतीय स्टेट बैंक शाखा विज्ञान नगर कोटा जर्ये शाखा प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक शाखा विज्ञान नगर कोटा (राज.), 3. सर्व साधारण ....अप्रार्थीगण
प्रार्थना पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी करने हेतु
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थीया सोनिया बाटवानी ने इस न्यायालय में उपरोक्त शीर्षक का आवेदन प्रस्तुत कर कथन किया है कि प्रार्थीया के पति एवं अप्रार्थी क्रम-1 के पिता स्व. राजकुमार पुत्र नानकराम जी निवासी-मकान नं.-5-बी-11 विज्ञान नगर कोटा (राज.) में निवास करते थे। जिनका देहान्त दिनांक 30.11.2023 को के.डी. हॉस्पिटल अहमदाबाद (गुजरात) में हो गया है। मृतक राजकुमार ने अपने जीवनकाल में भारतीय स्टेट बैंक शाखा विज्ञान नगर कोटा में एक लॉकर नं.-7 लिया हुआ था। जिसका संचालन वह स्वयं करते थे उनके द्वारा कोई नोमिनी नियुक्त नहीं किया हुआ है। प्रार्थीया व अप्रार्थी क्रम-1 श्री राजकुमार के विधिक वारिसान है। इसके अतिरिक्त अन्य कोई वारिसान नहीं है। प्रार्थीया के पक्ष में उक्त लॉकर को ऑपरेट करने, खोलने तथा इसमें रखे सामान सोने-चांदी के जेवरात, दस्तावेज आदि प्राप्त करने हेतु उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी करने में अप्रार्थी क्रम-1 को कोई आपत्ति नहीं है। अतएव उक्त लॉकर के संबंध में प्रार्थीया अपने पति स्व. राजकुमार की उत्तराधिकारी होने बाबत उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त करने की अधिकारी है। इस कारण प्रार्थीया के पक्ष में मृतक राजकुमार का उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किया जावे।
अत: सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को उक्त उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्रार्थीया के पक्ष में जारी किये जाने में किसी प्रकार की कोई आपत्ति व ऐतराज हो तो वह दिनांक 11.07.2024 को समय 10 AM पर न्यायालय हाजा में वकालतन या असालतन रुप में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति पेश करे अन्यथा प्रार्थीया का आवेदन स्वीकार कर प्रार्थीया के पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी कर दिया जायेगा।
अत: यह सूचना पत्र न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 23.04.2024 को जारी किया गया।
मोहर अदालत
न्यायालय के आदेश से
वरिष्ठ मुंसरिम
जिला एवं सेशन न्यायालय कोटा (राज.)

**कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा**
क्रमांक: एफ 7/डीटीओपी0/2024/1903 **विज्ञप्ति** दिनांक: 25/04/2024
राज्य सरकार द्वारा भू-उपयोग परिवर्तन के बनाये गए नियमों/प्रपत्रों के अन्तर्गत एवं राज्य सरकार की अधिसूचना दिनांक 24.2.2021 के क्रम में सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित भू-उपयोग परिवर्तन प्रकरण, भू-उपयोग परिवर्तन करने हेतु न्यास में विचाराधीन है, जिसकी विस्तृत जानकारी निम्नानुसार है, के भू-उपयोग परिवर्तन बाबत् किसी को आपत्ति हो तो 15 दिवस में न्यास कार्यालय में प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के पश्चात् प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जा सकेगा।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | भूखण्ड/खसरा सं0 व योजना/ग्राम का नाम | मास्टर प्लान अनुसार भू-उपयोग | प्रस्तावित भू-उपयोग परिवर्तन | क्षेत्रफल (वर्गमीटर में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमति मधुरी पुत्री श्री धन्नालाल जर्ये रजि. मुख्तारनामा खास श्री महेश गुप्ता पुत्र श्री रमेश चंद गुप्ता | खसरा नं0 284 व 285 ग्राम रगंतालाब उर्फ कालातालाब | जनरल हॉस्पिटल/ डिस्पेन्सरी/ आयुर्वेदिक हॉस्पिटल | आवासीय | 12200 |

सचिव नगर विकास न्यास, कोटा